बर्षः- 06
अंकः- 18
मुरादाबाद
(Saturday)
09 May 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे शुभेंदु अधिकारी: भाजपा विधायक दल की बैठक में लगी मुहर

पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल की बैठक के दौरान शुभेंदु अधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया, जिससे राज्य के नए मुख्यमंत्री के नाम पर भी अंतिम मुहर लग गई है।पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल की बैठक के दौरान राज्य के नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर अंतिम निर्णय ले लिया गया है। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। बैठक के दौरान भाजपा



प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने शुभेंदु अधिकारी के नाम का प्रस्ताव रखा। इसके बाद उपस्थित सभी भाजपा विधायकों से सहमति ली गई, जिसके बाद उनके नाम पर औपचारिक मुहर लग गई।

बैठक से पहले अमित शाह ने कोलकाता के प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर काली मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मंदिर में दर्शन के बाद शाह सीधे पार्टी नेताओं के साथ अहम बैठकों में शामिल हुए, जहां सरकार गठन और शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चर्चा की गई। शाम 6 बजे तक तस्वीर हो सकती है साफ- भाजपा सांसद राहुल सिन्हा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने दावा किया था कि 4 मई के बाद अमित शाह या कोई केंद्रीय मंत्री बंगाल नहीं आ पाएगा, वे आज घरों में बैठे हैं। उन्होंने कहा 卐आज अमित शाह यहां पहुंचे हैं। विधायक दल की बैठक में नेता का चयन होगा और शाम 6 बजे तक सारी तस्वीर साफ हो जाएगी। कैबिनेट गठन पर भी होगी चर्चा- सूत्रों के मुताबिक, विधायक दल की बैठक से पहले अमित शाह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सरकार गठन के हर पहलू पर चर्चा करेंगे।

इसमें नए मंत्रिमंडल की संरचना, प्रमुख विभागों का बंटवारा और सरकार की प्राथमिकताओं पर मंथन किया जाएगा। भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है, जबकि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है। कोलकाता का ब्रिगेड ग्राउंड तैयार- शपथ ग्रहण समारोह होगा खास- कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शनिवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार के गठन को लेकर पार्टी इसे बड़े सांस्कृतिक और राजनीतिक आयोजन के रूप में पेश करने की तैयारी में है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। समारोह में 50 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। मुख्य मंच को तीन हिस्सों में बांटा जाएगा। पहले हिस्से में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, अन्य केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री बैठेंगे। दूसरे हिस्से में राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस मौजूद रहेंगे, जो नए मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। तीसरे हिस्से में मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण करने वाले नेता और नए मंत्रिमंडल के सदस्य बैठेंगे।बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत- इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पश्चिम बंगाल में इतिहास रच दिया है। चुनाव आयोग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 294 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 206 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं तृणमूल कांग्रेस 80 सीटों पर सिमट गई। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल 77 सीटें मिली थीं, लेकिन इस बार पार्टी ने जबरदस्त बढ़त बनाते हुए पहली बार बंगाल में सरकार बनाने का रास्ता साफ कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव से पहले सपा में टूट, राष्ट्रीय सचिव सहित 30 पदाधिकारी ओपी राजभर की पार्टी में शामिल; अखिलेश पर तंज

यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी में टूट हुई है। सपा के 30 पदाधिकारी पार्टी को छोड़ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) में शामिल हो गए। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने विधानसभा चुनाव से पहले संगठन विस्तार अभियान तेज कर दिया है। बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी और बुनकर मजदूर विकास समिति से जुड़े 30 पदाधिकारियों, ग्राम प्रधानों और कार्यकर्ताओं ने सुभासपा की सदस्यता ली। पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर की मौजूदगी में सभी नेताओं को सदस्यता दिलाई गई। उन्होंने कहा कि पार्टी का कुनबा बढ़ रहा है।पार्टी में शामिल होने वालों में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव जावेद आलम प्रमुख रहे।

खालिद सैफी, राष्ट्रीय सचिव अयूब अंसारी, प्रदेश प्रभारी कारी लाइक अंसारी, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुफ्ती मेहर आलम कासमी अंसारी, सलीम अंसारी, मोहम्मद अय्यूब अंसारी, मोहम्मद रिजवान, मो. नईम, कल्लन सैफी, शकील अहमद, उमर, जहीर अहमद, मोहम्मद इब्राहिम, मुन्तयाज, पदम प्रकाश, अंकित कुमार, मोहम्मद फुरकान, इन्जयामुल हक, बदर जमील, सद्दन खान, नवेद आलम, अनीस अहमद, वकील अहमद (बिजनौर), वकील अहमद (लखनऊ) कारी सलमान और पूर्व प्रभारी बलराज प्रजापति शामिल रहे।

## तमिलनाडु में टीवीके को मिला वामपंथी और सहयोगी दलों का समर्थन, TVK समर्थकों का प्रदर्शन



तमिलनाडु की राजनीति में जारी हलचल के बीच चेन्नई स्थित लोक भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे टीवीके समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में लिया। पार्टी प्रमुख विजय के शपथ ग्रहण को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण समर्थकों में नाराजगी और उत्सुकता दोनों देखने को मिली।राजनीतिक घटनाक्रम तेज होने के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लोक भवन के बाहर जुटे और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने लगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कई समर्थकों को हिरासत में लिया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। पार्टी नेतृत्व की ओर से अब तक शपथ ग्रहण को लेकर कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की गई है, जिससे तमिलनाडु की राजनीति में सस्पेंस लगातार बना हुआ है।मिल राजनीति में एक नया समीकरण उभरता दिखाई दे रहा है। वामपंथी दलों कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (CPI), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (मार्क्सिस्ट) (CPM) और विदुथलाई चिरुथैगल काची (VCK) ने टीवीके को समर्थन देने का संकेत दिया है। इससे विधानसभा में टीवीके की स्थिति पहले से अधिक मजबूत होती नजर आ रही है। इसी बीच, टीवीके विधायक और विजय के करीबी सहयोगी आधारव अर्जुन विजय के पट्टिनपक्कम स्थित आवास पहुंचे। इस मुलाकात को राजनीतिक रणनीति और आगामी कदमों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। विधानसभा में समर्थन का गणित- टीवीके- 107 विधायक CPI- 2 विधायक CPM- 2 विधायक VCK- 2 विधायक कांग्रेस- 5 विधायक कुल- 118, इन सभी दलों के समर्थन के बाद कुल संख्या 118 तक पहुंच गई है, जो राजनीतिक समीकरणों में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।तमिलनाडु कांग्रेस समिति ने शुक्रवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ र्लेकर के खिलाफ राज्यभर में प्रदर्शन शुरू किया। पार्टी ने आरोप लगाया कि राज्यपाल ने टीवीके को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं किया, जबकि वह हाल के विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनी है। चेन्नई के अन्ना सलाई में हुए प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के तमिलनाडु प्रभारी गिरिश चोडणकर और टीएनसीसी अध्यक्ष के. सेल्वापेरुंथगाई ने किया। उन्होंने कहा कि राजभवन भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहा है और लोकतंत्र के नियमों को कमजोर कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान गिरिश चोडणकर ने राज्यपाल पर सरकार गठन में देरी को लेकर कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार काम कर रहे हैं। उन्होंने इसे राज्यपाल की समस्या बताया। जब डीएमके और एआईएडीएमके के साथ आने की चर्चा पर सवाल पूछा गया, तो चोडणकर ने कहा कि उन्हें साथ आने दीजिए, इससे लोगों के सामने सच्चाई आ जाएगी कि कौन धर्मनिरपेक्ष है और कौन नहीं। उन्होंने कहा कि उन्हें भरोसा है कि कई धर्मनिरपेक्ष दल तमिलनाडु में भाजपा और आरएसएस के प्रभाव को बढ़ने नहीं देंगे। कांग्रेस के डीएमके से अलग होकर टीवीके को समर्थन देने पर लगाए जा रहे पीठ में छुरा घोंपने के आरोपों को उन्होंने खारिज किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सबसे ऊपर होती है और उनकी पार्टी ने जनता के फैसले का सम्मान किया है।

## सीएम पद की लड़ाई सड़कों पर आई; पर्यवेक्षकों ने खरगे को सौंपी रिपोर्ट, दिल्ली में होगा फैसला



केरल में नए मुख्यमंत्री को लेकर कांग्रेस के भीतर सियासी हलचल तेज हो गई है। वी सतीशन, केसी वेणुगोपाल और चेन्निथला के समर्थक सड़क से सोशल मीडिया तक शक्ति प्रदर्शन में जुटे हैं, जबकि अंतिम फैसला पार्टी के शीर्ष कमान के हाथ में है। इस बीच, पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष को सौंप दी है।कांग्रेस के शीर्ष कमान पर अब केरल के अगले मुख्यमंत्री को चुनने की जिम्मेदारी है। इसी बीच, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं वीडी सतीशन, केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला के समर्थक सड़कों और सोशल मीडिया पर अपने नेताओं के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं। एआईसीसी के पर्यवेक्षक मुकुल वासनिक और अजय माकन गुरुवार को जब कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक में शामिल होने और पार्टी के 63 विधायकों से अलग-अलग बातचीत करने पहुंचे, तब तिरुवनंतपुरम स्थित इंदिरा भवन के पास सांसद केसी वेणुगोपाल के समर्थन में छह बड़े फ्लेक्स बोर्ड लगाए गए। वेणुगोपाल ने केरल विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था। तिरुवनंतपुरम में लगाए गए वेणुगोपाल के एक फ्लेक्स बोर्ड पर गुरुवार को कथित तौर पर ग्रीस ऑयल फेंक दिया गया।वीडी सतीशन के समर्थन में प्रदर्शन- दूसरी ओर, राज्य के कई हिस्सों में वीडी सतीशन के समर्थन में प्रदर्शन किए गए। इसके अलावा, अलप्पुझा और कन्नूर जिले के इरिक्कुर में वेणुगोपाल के खिलाफ और सतीशन के समर्थन में पोस्टर लगाए गए। हालांकि, फ्लेक्स बोर्ड की इस लड़ाई में रमेश चेन्निथला काफी पीछे दिख रहे हैं। उनके समर्थक लगातार उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं। ऐसी खबरें हैं कि वेणुगोपाल को अधिकांश विधायकों का समर्थन हासिल है। लेकिन पार्टी नेताओं ने इस बारे में कोई सीधा बयान नहीं दिया है। इसके बजाय सोशल मीडिया पोस्ट और मीडिया से बातचीत के जरिये अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दिए जा रहे हैं। विधायक दल ने शीर्ष कमान को दिया सीएम चुनने का अधिकार- नवनिर्वाचित विधायकों के दल ने एक प्रस्ताव पारित कर एआईसीसी अध्यक्ष को विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार दिया है। यही नेता आगे चलकर मुख्यमंत्री भी बनेगा। ऐसे में यह त्रिकोणीय मुकाबला अब नई दिल्ली और पार्टी मुख्यालय तक पहुंचने की संभावना है। उम्मीद है कि पर्यवेक्षक शुक्रवार को एआईसीसी को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके बाद अंतिम चर्चा के लिए केरल के नेताओं को पार्टी मुख्यालय बुलाया जा सकता है, जिसके बाद मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा होगी। हालांकि, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के सहयोगी दलों में ज्यादातर वीडी सतीशन को पसंद कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने भी इस बारे में सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है।वट्टियूरकावु सीट से जीतने वाले के. मुरलीधरन ने कहा कि कांग्रेस जैसी लोकतांत्रिक पार्टी में ऐसी घटनाएं सामान्य हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का फैसला होते ही पूरी पार्टी उस निर्णय के साथ एकजुट हो जाएगी।

## संजय राउत पर भाजपा का हमला, कहा- देश की छवि खराब कर रहे विपक्षी नेता



शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संबोधित पोस्ट पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने राउत को भारतीय राजनीति का जोकर बताया। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संबोधित सोशल मीडिया पोस्ट पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने राउत को भारतीय राजनीति का जोकर बताते हुए उन पर भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब करने का आरोप लगाया।देश की छवि खराब करने का काम कर रहे भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि संजय राउत और कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी के विरोध में देश की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं।पूनावाला ने कहा कि संजय राउत भारतीय राजनीति के जोकर हैं। वह और राहुल गांधी घरेलू राजनीतिक लड़ाई के लिए भारत की छवि खराब करने की सुपारी लेकर बैठे हैं। मोदी विरोध में ये लोग देश का विरोध कर रहे हैं। पूनावाला का दावा- उन्होंने दावा किया कि दुनिया भर में भारतीय लोकतंत्र की सराहना हो रही है, लेकिन विपक्ष चुनावी प्रक्रिया को लेकर झूठे नैरेटिव फैलाने में जुटा है। पूनावाला ने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन पर दुनिया भर से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और खबरों के मुताबिक ट्रंप ने भी भाजपा को बधाई दी है। भाजपा प्रवक्ता ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि जब भी चुनाव परिणाम उनके पक्ष में नहीं आते, तब वे संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने लगते हैं। क्या है मामला?- दरअसल, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर राउत ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट में उन्होंने उन खबरों पर सवाल उठाए, जिनमें दावा किया गया था कि ट्रंप ने चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। राउत ने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव भारत के संघीय लोकतंत्र का आंतरिक मामला है और किसी बाहरी नेता की ओर से इस तरह की प्रतिक्रिया समय से पहले और अनुचित प्रतीत होती है। राउत ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंताएं भी जताईं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान डर, दबाव और प्रशासनिक पक्षपात की शिकायतें सामने आईं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम करता नहीं दिखा और उसकी कार्यप्रणाली भाजपा के पक्ष में नजर आई, जिससे संस्थागत निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए। उन्होंने केंद्रीय बलों की तैनाती को लेकर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि इससे मतदाताओं में भरोसा पैदा होने के बजाय दबाव का माहौल बना। राउत ने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी द्वारा उठाए गए

## संपादकीय Editorial

# Killers on the Road

The safety measures for ordinary citizens are so lax that vehicles are falling directly into ditches. While the recent spate of road accidents may reveal the true nature of human error, negligence in road construction has also proven to be quite detrimental. A tree that fell on a vehicle in Aani killed four teachers returning from school. Why not consider the forest itself a killer in this journey? A yearly tally of the Forest Department's rigid laws and work patterns reveals the sheer number of murderous trees standing along roadsides, where the law's naked charade results in death. We've certainly made it difficult to violate forest laws, but that doesn't mean some deadly trees should continue to be a monster against roads, settlements, and every aspect of life. If the Aani tree proves to be a killer, who should we seek justice from? It's not about compensation, but about uprooting lives. Our forests are where life flows. Every year, countless trees collapse along the roadsides, causing damage due to various reasons, yet there is no plan in place to protect life and property from such hazards. Even if trees break or die, the department takes years to remove them. In such a situation, if bent, dead, or standing trees on the slopes or in the middle of the road are not removed, a disaster like the one in the forest could spread everywhere. The forest department is not the only one responsible for the life-threatening problems on the roads, but electricity poles and water supply pipes are equally responsible. Now, even road repairs are becoming a hazard. Construction materials, vehicle parking, and piles of debris are creating traffic hazards. Even though the Honorable High Court directed the Public Works Department to remove rain debris, the roads are still choked with it. Speed ??limit controls and technical engineering flaws are also being ignored. As a result, speed, overtaking, and the rush to overtake are evident in almost every fatality. Drivers' lack of driving skills suited to mountain conditions is also a major factor, but Himachal Pradesh is still lagging behind in spreading this message through campaigns during the tourist season. The dangerous turns at Dhaliara, on the Chintpurni-Dehra route, have become a source of screaming and shouting, yet neither engineering nor driving safety measures have been developed. Along with driving, physical fitness and driver health are also essential. If health check-ups for drivers were organized or their fitness was regularly tested on the roads, at least incidents like the one in Nurpur could have been avoided. A heart attack suffered by the driver on a private bus traveling from Chamba to Una endangered the lives of passengers. Thankfully, the injured passengers survived, otherwise the journey could have been tragic. Needless to say, the increasing traffic on Himachal's roads is increasing the dangers of travel. In the race for vehicles, the fitness of everyone from drivers to roads is crucial, and traffic management will now require every aspect of passenger safety. Every accident provides only a sting and a thousand lessons, but the system remains the same.

# Tamil Nadu: After 59 years, state politics has broken away from two Dravidian pillars, with the rise of TVK's "Vijay" (Vijay).

The rise of superstar Vijay's party, TVK, in Tamil Nadu is challenging the traditional strongholds of Dravidian politics. Growing voter discontent and support from the youth signal a major power shift and ideological change in the state. There is an atmosphere of jubilation at the Chennai home of Joseph Vijay Chandrasekhar, Tamil film superstar and founder of the fledgling Tamilaga Vetri Kazhagam (TVK) party. A video has emerged of family members blowing the TVK's election symbol, the whistle. Vijay founded TVK just two years ago. The results clearly indicate that he is going to form the government in Tamil Nadu. However, the rise of a film star in state politics is nothing new. The emergence of a new alternative between the two pillars of Dravidian politics. For a long time (since 1967), Tamil Nadu politics has been confined to the two major Dravidian pillars: the Dravida Munnetra Kazhagam (DMK) and the All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam (AIADMK). The emergence of actor-turned-politician Vijay Kumar at the center of politics signals that the state's politics is at a new turning point. This is not only a potential change in power, but also a reflection of a profound shift in the voter's psyche. Anti-incumbency and public challenges: Dravidian politics has always been associated with social justice, regional identity, and welfare schemes. However, over time, every ideology has to adapt to new contexts. The DMK government under Chief Minister M.K. Stalin implemented numerous schemes, but governance is not merely about expanding schemes; it also demands continuity of trust. In recent times, issues like electricity tariff hikes, property taxes, and urban chaos have directly impacted the lives of ordinary citizens. When these small discontents coalesce, they become a powerful force of opposition to the ruling party. Questions about nepotism and ideology in politics—the growing influence of family within the DMK—have also raised questions. Udhayanidhi Stalin's rapid rise indicates whether political opportunities are being distributed equitably. Inheritance in politics is nothing new, but when it appears to overshadow merit, public confidence begins to waver. Concurrently, some statements on have also section of the Secularism may tenet of Dravidian today's voters of their identity respect is not met, quietly translates journey from film political an environment—and his party, merely a political a result of social Vijay's popularity but he didn't limit His fan base transformed into base. This is the adopted by M.G. who later left a




religious issues unsettled a large population. have been the core politics, but want every aspect respected. If this their displeasure into voting. The popularity to support—in such the rise of Vijay TVK, is not phenomenon but psychology. began with films, it to the screen. gradually a cohesive political same path once Ramachandran, lasting mark on Tamil Nadu politics. The difference is that today is the era of social media and rapid information flow, where both image and message are rapidly formed and transformed. From film popularity to political base: Vijay's image has been relatively clean. He has positioned himself as a balanced alternative, somewhat different from traditional Dravidian politics and rigid ideological poles. His appeal, especially among young voters and first-time voters, is evident. But this raises a serious question: are popularity and moral image sufficient to handle the complexities of governance? The challenge of charisma versus experience: History shows that charisma can win elections, but governance requires experience, a team, and policy clarity. Speaking of the AIADMK, it too appears to be gradually gaining ground. Edappadi K. Under Palaniswami's leadership, the party has largely contained internal conflicts. Its traditional base in rural areas remains strong. Issues like inflation and the agrarian crisis have renewed its relevance. Welfare schemes from J. Jayalalithaa's era still resonate with the people. The impact of the change in Tamil Nadu on national politics: However, the impact of the change in power in Tamil Nadu will not be limited to the state. If the DMK weakens, the strength of the NDA alliance will also be affected. The emergence of new leaders like Vijay indicates that there is still room for new faces in Indian politics, provided they understand public expectations. South India, long considered a stable political region, is now emerging as a hub of experimentation and change. The direction of change and the new aspirations of the people are the question not of who will win or who will lose, but of which direction Tamil Nadu politics is headed. Is this change merely a temporary wave or the beginning of a lasting transformation? Will Dravidian politics adapt to the new times while retaining its original form, or will new faces and new ideas give it a new direction? The people of Tamil Nadu are now clearly indicating that power cannot be achieved simply by history or name. Today's voters want results, balance, and above all, an alternative that understands their changing aspirations. This is the biggest message of this possible great change.

# Life Stream: Every day is a new opportunity, start with self-awareness

People fail in life because they spend their day without a clear purpose. If a person asks themselves every day, "What good can I do today?", they can become more creative and disciplined. Every morning, we must ask ourselves: "What good will I do today?" This question is central to life management, self-improvement, and moral discipline. Therefore, we should make it a part of our daily routine. As soon as I woke up, I would ask will I do today?" For me, success, but the development. It was also day is a new opportunity. make our lives excellent. our success. A good life is but by small, meaningful should begin each day "What good will I do inspires us to give our day this question fosters a in which a person does not rather builds their day Remember, the success of



myself: "What good and useful thing this question was not just a means to foundation of morality and self-useful to society. I believe that every If we live that day purposefully, we can This excellence lays the foundation for built not by proclaiming lofty ideals, actions taken daily. Therefore, we with self-awareness. The question, today?" lifts us out of passivity and meaningful direction. Furthermore, proactive and positive approach to life, drift according to circumstances, but according to their values ??and goals. the entire day should be measured by how much positive work they have done for themselves and society. Every day of our lives should be an opportunity to practice restraint, order, hard work, integrity, and humility. Most people fail in life not because they lack ability, but because they spend their day without a clear purpose. If a person asks themselves every day, "What good can I do today?", they can become more creative and disciplined. This habit gradually builds character. In fact, character isn't something that's suddenly acquired; it's the result of daily, positive decisions. Similarly, before going to sleep at night, we should ask ourselves, "What good did I do today?" The only difference is that the morning's question was resolution, and the night's was self-evaluation. Between these two, the entire day becomes a practice of purposeful living. This introspection is the true secret of success. Practicing this makes us accountable to our ideals. When a person begins the day with the thought of doing something good, their decisions are more conscious and positive. Asking ourselves these two simple questions can bring clarity to life and inspire us to make the day meaningful rather than just passing it by. The key: Keep challenging yourself—when the day begins with resolution and ends with self-evaluation, continuous improvement in life is possible. Success lies not in mere achievements, but in daily positive actions. Only those who challenge themselves daily can excel in their lives. So, make every day meaningful.

# अनधिकृत होर्डिंग को हटवाने के लिए करें सख्ती



मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को उनके कार्यालय सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक हुई। इसमें उन्होंने ई-वेस्ट निस्तारण के लिए जागरूकता अभियान चलाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहर में जगह-जगह लगी अनधिकृत होर्डिंग को हटवाने के लिए सख्ती करें।बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने समिति को बताया कि पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24 के किमी. 164 में, प्रेम वण्डर लैंड के समीप स्थित सम्पार संख्या 413-ए पर अतिरिक्त दो लेन ऊपरीगामी सेतु के निर्माण के लिए कार्ययोजना जिलाधिकारी से अनुमोदित कराकर विश्वकर्मा पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है।

डियर पार्क के संचालन के संबंध में वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि डियर पार्क का पीपीपी मॉडल सम्भव नहीं है। इसके संचालन के लिए रुपये 1.74 करोड़ रुपये की सौंदर्यीकरण योजना तैयार कर भेजी गई है। ई - वेस्ट रिसाइक्लिंग व कलेक्शन कराने के संबंध में मंडलायुक्त ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि ई-वेस्ट डिस्पोजल के लिए जागरूकता अभियान चलाकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि 17 ई-वेस्ट कलेक्शन केन्द्र स्थापित है। लक्ष्मीपुर कट्टई इण्डस्ट्रियल एरिया को नियोजित करने व 12, 18, एवं 24 मीटर रोड को नियोजित करने के प्रकरण में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि ने बताया कि इस क्षेत्र में साइनबोर्ड, पब्लिक टॉयलेट आदि आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था कर दी गई है।धन्नूपुरा सीएनजी पम्प के सामने की सड़क निर्माण कराने के बारे में बताया गया कि इसको वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है। बैठक में प्राधिकरण के सचिव पंकज वर्मा, उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार, डीके गुप्ता क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण विभाग, राजीव मित्तल अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई, गेसू मौर्या क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा, अशोक कुमार चौरसिया मुख्य अभियन्ता विद्युत, शशिकान्त डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर यूपी स्टेट ब्रिज कोर्पोरेशन, जितेन्द्र कुमार उप निदेशक विद्युत सुरक्षा, राकेश उपाध्याय टर्मिनल हेड हिन्द टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड आदि मौजूद रहे।

# आयुक्त और डीएम समेत कई अधिकारियों ने भरा स्वगणना प्रपत्र



मुरादाबाद । जनगणना के अन्तर्गत गुरुवार से स्वगणना की शुरुआत हुई। मंडलायुक्त, जिलाधिकारी सहित कई अधिकारियों ने भी ऑनलाइन स्वगणना की प्रक्रिया पूरी की। वेवसाइट पर मांगी गई जानकारी को भरकर स्व गणना की प्रक्रिया में हिस्सा लिया। अधिकारियों ने दूसरों को भी प्राथमिकता देने का आह्वान किया। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने जनगणना प्रक्रिया में स्वगणना फार्मेट भरकर उसमें मांगी गई जानकारी वेबसाइट पर सबमिट की। वहीं कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने स्वगणना प्रपत्र ऑनलाइन भरा। निर्धारित फार्मेट पर मांगी गई जानकारी के कालम में अपना और परिवार का विवरण भरकर फार्मेट सबमिट किया। उनके अलावा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय आदि ने भी स्वगणना माध्यम से आनलाइन विवरण भरा। वहीं कलेक्ट्रेट में ही बंदोबस्त अधिकारी राजेंद्र राम ने अपने कार्यालय में स्व-गणना में मांगी गई जानकारी का पूरा विवरण क्रमवार भरकर सबमिट किया। अधिकारियों ने अपने अधिष्ठान के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा जनसामान्य से भी स्वगणना प्रक्रिया को प्राथमिकता देने की अपील की। जनगणना के लिए अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि जनगणना के अन्तर्गत स्वगणना प्रक्रिया का प्रथम चरण सात मई से शुरू हो गया है। जो 21 मई तक चलेगा। इस दौरान स्व-गणना के माध्यम से नागरिक स्वयं जनगणना पोर्टल पर जाकर अपने परिवार से संबंधित विवरण भर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करें, जिससे 22 मई से प्रारंभ होने वाली प्रगणकों द्वारा जनगणना की प्रक्रिया सुगमता, शुद्धता एवं निर्धारित समय में पूरी हो सके। ऐसे करें स्वगणना प्रक्रिया- स्व-गणना (सेल्फ इन्यूमिरेशन) की सुविधा है। इसमें नागरिक स्वयं अपना और घर का वांछित विवरण भर सकते हैं। इसके लिए वेबसाइट https://se.census.gov.in के लिंक पर जाकर अपनी जानकारी खुद दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना प्रक्रिया के लिए आधिकारिक वेबसाइट https://se.census.gov.in ÂÚU Áæ°´ : स्व-गणना का विकल्प चुनें। : मोबाइल नंबर और आधार के साथ रजिस्टर करें : परिवार और मकान का ब्योरा भरें : फॉर्म जमा करने के बाद जनरेट संदर्भ आईडी को सुरक्षित रखें यह देनी होगी जानकारी- : स्वगणना के दौरान राज्य, परिवार के मुखिया का विवरण और मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी से सत्यापन करें : 31 प्रश्नों (आवास, सुविधा, परिवार विवरण) का फॉर्म ऑनलाइन भरें और अंत में स्वगणना आईडी सुरक्षित रख लें। जिसे बाद में आने वाले जनगणना कर्मचारी को दिखाना होगा। जानकारी का विवरण- ¬ परिवार की कुल संख्या, मकान के प्रकार, शौचालय, पीने का पानी, बिजली, इंटरनेट, और संपत्ति (गाड़ी, बाइक आदि) से संबंधित जानकारी भरें। : जानकारी सबमिट करने के बाद एक विशिष्ट स्व-गणना आईडी मिलेगी। इसे सुरक्षित रखें। : जब प्रगणक घर आएं, तो उन्हें यह आईडी और मोबाइल नंबर बताएं।

## संक्षिप्त समाचार

# जिले में 30 सड़कों का काम आज से होगा शुरू

रामपुर। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण तारकोल के दामों में भारी उछाल आ गया है। इससे जिले में 30 सड़कों का काम बंद हो गया था। राज्य सरकार ने तारकोल में समायोजन योजना लागू कर दी है। इसके चलते शुक्रवार से जिले की सड़कों का काम शुरू हो जाएगा।युद्ध के चलते तारकोल 25 हजार रुपये प्रति टन बढ़कर 75 हजार रुपये प्रति टन हो चुका है। इसके चलते लोनिवि के दो हॉटमिक्स प्लांट बंद हो गए थे। इसका सीधा असर सड़क निर्माण पर पड़ा है। जिले में चल रही करीब 30 सड़कों का काम रुक गया है।इन्हीं हालातों को देखते हुए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 17 अप्रैल को सभी राज्यों के सचिवों, एनएचएआई और अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर मूल्य समायोजन का भुगतान करने के आदेश दिए थे। अब राज्य सरकार ने इस योजना को लागू कर दिया है। यह राहत विशेष रूप से उन अनुबंधों के लिए होगी, जिनमें अब तक मूल्य समायोजन की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। यह समायोजन एक अप्रैल से 30 जून की अवधि के लिए लागू होगा। यह उन सभी अनुबंधों पर प्रभावी होगा, जिनकी बोली (बिड) इसी अवधि के दौरान देय थी। शासन की ओर से आदेश जारी होते ही लोनिवि ने सभी ठेकेदारों को काम शुरू करने का पत्र भेज दिया है। शुक्रवार से जिले की 30 सड़कों पर डामरीकरण का काम शुरू हो सकता है। दो ठेकेदारों ने तारकोल मंगवा लिया है। उधर, लोनिवि का हॉटमिक्स प्लांट भी शुरू हो गया है। लोनिवि के एई राजेंद्र सिंह ने बताया कि एक सड़क पर काम शुरू हो गया है। शुक्रवार से कई सड़कों पर काम शुरू हो जाएगा।

# कागजों में 90 प्रतिशत सफाई, धरातल पर अधूरे दिख रहे इंतजाम

रामपुर। जिले में प्री-मानसून तैयारियों को लेकर कागजों में काम तेजी से दिखाया जा रहा है, लेकिन धरातल पर स्थिति इससे अलग नजर आ रही है। 15 जून से प्री-मानसून बारिश शुरू होने की संभावना के बावजूद नालों में गंदगी भरी हुई है। शहर में फॉगिंग भी केवल पॉश और वीआईपी इलाकों तक सीमित बताई जा रही है।नगर पालिका रामपुर एक महीने में करीब तीन लाख रुपये की फॉगिंग करा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद मच्छरों की समस्या बनी हुई है। दूसरी ओर यूनिसेफ की सर्वे रिपोर्ट में जिले में फॉगिंग और नाला सफाई का कार्य 90 प्रतिशत पूरा होने का दावा किया गया है।बृहस्पतिवार को अमर उजाला की पड़ताल में सामने आया कि जिले में नाला सफाई का काम करीब 60 प्रतिशत ही हुआ है। शहर में बाजार, पॉश और वीआईपी क्षेत्रों में ही फॉगिंग कराई जा रही है, जबकि बस्तियों और छोटी गलियों में अब तक फॉगिंग मशीन नहीं पहुंची है। रामपुर नगर पालिका क्षेत्र में कई नाले-नालियां चोक रामपुर। नगर पालिका क्षेत्र में 84 नाले और नालियां हैं। इनमें अधिकांश नाले कूड़े से चोक पड़े हैं। बी अम्मा गेट का बड़ा नाला, शौकत अली रोड और सिविल लाइन क्षेत्र के नालों में गंदगी जमा है। इसके अलावा आफरीदियान, तिलक कॉलोनी और तीतरवाली पाकड़ समेत कई इलाकों में नालियां चोक होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालों की सफाई अब तक नहीं हुई है। कुछ जगह पर सतही तौर पर ऊपर से नाले साफ किए हैं, जिसमें अब भी गंदगी बह रही है। जबकि अधिकतर नाले अब तक काई और सिल्ट से लबालब हैं। -मो. जावेद, बड़े नालों की सफाई जरूर होनी चाहिए। मानसून में सबसे ज्यादा दिक्कत इन नालों की वजह से आ सकती है। कई जगहों पर सिल्ट जमा है। इनकी सफाई के लिए कर्मचारी आगे नहीं बढ़ रहे हैं। -कमल, नालों को छोड़िए, सिर्फ नालियाँ देख लीजिए। यहां पर पानी लबालब हो चुका है और अंदर गंदगी छाई है। सिल्ट जमा होने से लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। -जावेद नालों में कचरा जमा हुआ है और इसकी तली झाड़-सफाई होनी चाहिए। यदि यह अभी साफ नहीं किए गए, तो मानसून आने पर स्थिति काफी गंभीर हो जाएगी। नाले अभी पूरी तरह से साफ नहीं हैं। -संजय, नालों की सफाई लगातार की जा रही है। कई नाले हमने साफ करवा दिए हैं। जबकि कुछ एक रह गए हैं, उनको भी साफ करा दिया जाएगा। वहीं फॉगिंग भी एक अप्रैल से कराई जा रही है। -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी, रामपुर, जिले की पालिकाओं की स्थिति भी खराब- बिलासपुर नगर पालिका क्षेत्र के कई वार्डों में साफ-सफाई चौपट पड़ी है। नागरिकों ने नालों की सफाई, फॉगिंग और एंटी-लार्वा स्प्रे कराने की मांग की है। साहूकारा, शीरीमिया, सैंटाखेड़ा, मोतीनगर आदि में भी नाले गंदगी से बजबजा रहे हैं।

# स्कूल बसें बिना परमिट के दौड़ती मिलीं, होगी कार्रवाई

रामपुर जिले में परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों के पोर्टल पर अपलोड अभिलेखों की जांच के दौरान 17 विद्यालयों के कुल 20 वाहनों के परमिट समाप्त पाए गए हैं। स्कूलों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, मई के बाद लेकर कार्रवाई



एआरटीओ राजेश बताया कि विद्यालय प्रधानाचार्यों को तत्काल प्रभाव से नवीनीकरण दिए गए हैं। कि विद्यालयों के परमिट वाले इसके लिए 8 वाहनों को की जाएगी। श्रीवास्तव ने संबंधित प्रबंधकों एवं विभाग द्वारा परमिट कराने के निर्देश उन्होंने बताया बिना वैध वाहनों के स्कूल प्रबंधकों को नोटिस जारी कर दिए हैं। उनमें मैनेजर मॉर्निंग बेल्स स्कूल, स्वार रामपुर, तारक एजुकेशन एकेडमी पटवाई, डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल बिलासपुर, शहीद भगत सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज शाहबाद, न्यू लाइट पब्लिक जूनियर हाई स्कूल बिलासपुर, विद्या इंटर कॉलेज मिलक, गुरु नानक प्राथमिक विद्यालय बिलासपुर, सेंट पॉल स्कूल सिविल लाइन, सिमरा पब्लिक स्कूल सिंगनखेड़ा, हाईटॉल पब्लिक स्कूल बरेली रोड, एसडीएस ज्योति मंदिर एनएस स्कूल बिलासपुर, ईस्ट वेस्ट पब्लिक स्कूल बरेली रोड, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल बिलासपुर, अकल एकेडमी स्कूल ग्राम तेलीपुरा चौखंडी, पीडीजीवीवी जूनियर हाई स्कूल डकिया, जागनलाल पब्लिक स्कूल कमरूद्दीन नगर मिलक तथा गायत्री गर्ल्स इंटर नेशनल स्कूल बिलासपुर शामिल हैं।परिवहन विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि 8 मई 2026 के बाद भी बिना परमिट वाहन संचालित पाए जाते हैं तो ऐसे वाहनों को तत्काल प्रभाव से निरुद्ध कर दिया जाएगा। विभाग ने कहा कि इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रशासन की होगी। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि वे बिना वैध परमिट संचालित स्कूली वाहनों में अपने बच्चों को यात्रा न करने दें। यदि कोई वाहन बिना परमिट संचालित होता दिखाई दे तो उसकी सूचना एवं फोटो परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर 9456948811 पर भेजें। मामले में तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# जान से खिलवाड़ः भोलानाथ कॉलोनी में धड़ल्ले से चल रहे अवैध स्विमिंग पूल



मुरादाबाद । जिले में अवैध स्विमिंग पूलों के संचालन को लेकर प्रकाशित खबर के बाद अमृत विचार टीम बुधवार को भोलानाथ कॉलोनी क्षेत्र में पहुंची। यहां तीन स्विमिंग पूल बिना अनुमति और सुरक्षा मानकों के संचालित होते मिले। इसके संचालन में गंभीर खामियां सामने आईं, जिससे कभी भी हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सबसे चिंताजनक स्थिति एक पूल में देखने को मिली, जहां एक ही समय पर कुछ युवक और छोटी बच्चियां स्विमिंग कर रही थीं। पूल परिसर में न तो अलग व्यवस्था दिखाई दी और न ही किसी प्रकार की निगरानी या सुरक्षा के इंतजाम मौजूद थे। इससे अभिभावकों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। मौके पर किसी प्रशिक्षित लाइफगार्ड की तैनाती भी नहीं मिली। अधिकांश पूलों में गहराई संबंधी चेतावनी बोर्ड, प्राथमिक उपचार की सुविधा और साफ-सफाई के मानक भी अधूरे मिले। कई जगह पानी की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हुए। दूसरे स्वीमिंग पूल में भी यही स्थिति थी। हालांकि, वहां सिर्फ युवक ही तैराकी कर रहे थे। इसके अलावा वहीं, एक पूल घर में संचालित किया जा रहा है। इसमें नीचे हॉल में पूल की व्यवस्था है और ऊपर परिवार रहता है।

पूल में नहाने आए बच्चों ने बताया कि संचालक की ओर से 50 रुपये लिए जाते हैं। इस फीस में पूरे दिन स्वीमिंग कर सकते हैं। खास बात तो यह है कि पूल का पानी भी कई दिनों तक नहीं बदला जा रहा है। इससे बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ इन पूलों में भीड़ बढ़ रही है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर निगरानी नहीं होने से संचालक नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से ऐसे पूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि जिले में पहले भी अवैध स्विमिंग पूलों में हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद कई क्षेत्रों में बिना पंजीकरण और बिना सुरक्षा मानकों के पूल संचालित किए जा रहे हैं।

क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि स्विमिंग पूल संचालन के लिए संबंधित विभागों से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना पंजीकरण और सुरक्षा मानकों के संचालित पूलों की जांच कराई जाएगी। यदि कहीं नियमों का उल्लंघन पाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मसवासी में सभासदों ने बोर्ड बैठक का किया बहिष्कार

रामपुर। मसवासी नगर पंचायत की बोर्ड बैठक का सभासदों ने बृहस्पतिवार को बहिष्कार कर दिया। अध्यक्ष दिनेश गोयल पर मनमानी का आरोप लगाते हुए सात सभासदों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर जांच की मांग की है।सभासदों का आरोप है कि अध्यक्ष की हठधर्मिता के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और किसी के वार्ड में काम नहीं कराए जा रहे। उन्होंने गुदड़ी मेला ठेके में अनियमितता का भी आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार वर्ष 2025-26 का ठेका उत्तराखंड निवासी सरिता गुप्ता को 8.15 लाख रुपये में दिया गया, जबकि अब तक महज 4.50 लाख रुपये ही जमा हुए हैं। वहीं, कुछ संविदा कर्मी मौके पर कार्यरत न होने के बावजूद वेतन ले रहे हैं।आरोप लगाया गया है कि कुछ कर्मचारी मौके पर कार्यरत नहीं हैं, जबकि उनका वेतन नियमित रूप से आहरित किया जा रहा है। मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायती पत्रों पर मोहम्मद उवेश, मोहम्मद इरशाद अंसारी, डॉ. अनिल कुमार, भगवती प्रसाद, जितेंद्र चंद्रा, कुलदीप मौर्य और साहिबे नूर के हस्ताक्षर हैं। उधर, चेयरमैन दिनेश गोयल का कहना है कि नौ सभासद बैठक में मौजूद रहे। कुछ आए जरूर, लेकिन हस्ताक्षर करने से मना कर चले गए। बैठक पूर्ण हुई, बहिष्कार नहीं हुआ। अधिशासी अधिकारी आशुतोष सिंह ने बताया कि सात सभासद बैठक के दौरान चले गए, जबकि तीन नामित सभासदों समेत नौ सदस्य मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# मणिनाथ के वार्ड नंबर 13 में जलभराव से लोगों का निकलना हुआ दूभर

## स्कूल के बच्चे, महिलाएं पानी में निकलने को मजबूर, लोगों में आक्रोश





क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । मढ़ीनाथ वार्ड नंबर 13 के लक्ष्मी नगर स्थित गैस चूल्हे वाली गली में जलभराव की समस्या अब लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क नीचे होने के कारण गली में गंदा पानी लगातार जमा रहता है, जिससे स्थानीय लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नवंबर 2025 में नगर आयुक्त को लिखित शिकायत देकर समस्या से अवगत कराया गया था।6 महीने बीत जाने के बावजूद नगर निगम की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम का नजरअंदाज रवैया लोगों के गुस्से का कारण बन गया है। गली में भरे गंदे पानी से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और पैदल राहगीरों को हो रही है। लोगों को रोजाना पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। इससे हादसे और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। धरना-प्रदर्शन की चेतावनी, स्थायी समाधान की मांग - स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी जब सुनवाई नहीं हुई तो अब क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया है। नाराज निवासी जल्द ही धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द सड़क ऊंची कराने और जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# ट्रेनी रिश्वतखोर दरोगा को 10 हजार रु रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने दबोचा



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। इज्जतनगर थाना क्षेत्र की बैरियर टू पुलिस चौकी पर तैनात ट्रेनी दरोगा विमल चौहान को एंटी करप्शन टीम ने शुक्रवार को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। टीम दरोगा को अपने साथ पूछताछ के लिए ले गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी दरोगा मृत आश्रित कोटे से पुलिस विभाग में भर्ती हुआ था। सूत्रों के मुताबिक एंटी करप्शन टीम को दरोगा द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। शिकायत की जांच के बाद टीम ने जाल बिछाया और बैरियर टू चौकी पर ही दरोगा विमल चौहान को 10 हजार रुपये लेते हुए पकड़ लिया। टीम ने मौके पर ही रकम बरामद कर दरोगा को हिरासत में ले लिया। कार्रवाई के दौरान चौकी और थाना परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिसकर्मी भी पूरे घटनाक्रम को लेकर सकते में नजर आए। एंटी करप्शन टीम आरोपी दरोगा से पूछताछ कर रही है। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किए जाने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि ट्रेनी दरोगा विमल चौहान की नियुक्ति मृतक आश्रित कोटे से हुई थी। रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तारी के बाद विभागीय कार्रवाई भी तय मानी जा रही है। मामले की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी सक्रिय हो गए हैं। एंटी करप्शन टीम अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी दरोगा पहले भी इस तरह वसूली करता था या नहीं। फिलहाल टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# सरहद के साथ-साथ इंसानियत की भी रक्षा: फर्रुखाबाद में राजपूत रेजीमेंट के जवानों ने किया रक्तदान




क्यूँ न लिखूँ सच / फर्रुखाबाद में लोहिया अस्पताल की ब्लड बैंक में रक्तदान किया। इस दौरान कई सैनिकों ने चौथी या पांचवीं बार रक्तदान कर अपना योगदान दिया। शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसायटी दिवस लोहिया अस्पताल की ब्लड बैंक में मनाया गया। राजपूत रेजीमेंट के सूबेदार सवाई सिंह के नेतृत्व में सैनिक उत्साह के साथ रक्तदान करने पहुंचे। रक्तदान करने वाले सैनिकों में सूबेदार सवाई सिंह, सूबेदार अशोक कुमार पाठक, हवलदार कविंद्र सिंह, हवलदार मुकेश कुमार, हवलदार भारत, हवलदार विनीत तोमर, सिपाही शक्ति सिंह, मनदीप, गौरव, विकास, जोगेंद्र सिंह, विनीत और अरविंद शामिल थे। सूबेदार सवाई सिंह ने बताया कि भारतीय सेना रक्त की आवश्यकता पड़ने पर हमेशा अग्रणी रहती है। उन्होंने कहा कि जहां भी रक्तदान करने का आदेश मिलता है, सेना के जवान वहां पहुंचकर रक्तदान करते हैं। सूबेदार अशोक कुमार पाठक ने अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसायटी दिवस पर रक्तदान करने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यह एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो दुनिया भर में रक्तदान को बढ़ावा देती है। पाठक ने रक्तदान को सभी दानों में श्रेष्ठ बताया, क्योंकि इसमें दानकर्ता को यह नहीं पता होता कि उसका रक्त किस व्यक्ति के जीवन को बचाएगा। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन द्वारा रक्तदान करने वाले सभी सैनिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# प्रधानमंत्री के विजन को धार दे रहे बरेली के मनीष चाय वाले, नींबू की चाय से घोल रहे सफलता का स्वाद



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली।आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर की गलियों में भी इसकी मिसाल देखने को मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन संघर्ष और उनके चाय वाले विजन से प्रेरणा लेकर बरेली के मनीष युवाओं के लिए एक नई मिसाल पेश कर रहे हैं। अपनी बुद्धा अमृत लेमन टी के माध्यम से मनीष न केवल लोगों को तरोताजा कर रहे हैं, बल्कि स्वरोजगार की एक शानदार इबारत भी लिख रहे हैं। पॉश इलाकों में बुद्धा अमृत लेमन टी की धूम- पिछले दो वर्षों से मनीष बरेली के सबसे व्यस्त और पॉश इलाकों- विकास भवन, कचहरी, बेसिक शिक्षा कार्यालय, थाना बारादरी, कोतवाली और कंपनी गार्डन के आसपास अपनी खास नींबू चाय के लिए चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। उनके हाथ के हुनर और चाय के अनोखे स्वाद के कारण लोग उनकी लेमन टी के मुरीद हो गए हैं। अधिकारी हों या आम जनता, मनीष की चाय हर किसी की थकान मिटाने का जरिया बन गई है।प्रतिदिन 1500 रुपये तक की कमाई- अक्सर युवा नौकरियों की तलाश में भटकते हैं, लेकिन मनीष ने %काम मांगने% के बजाय %काम पैदा करने% की राह चुनी। अपनी मेहनत के दम पर वह प्रतिदिन 1000 से 1500 रुपये तक कमा लेते हैं। यह आय न केवल उनके जीविकोपार्जन का सशक्त आधार है, बल्कि यह साबित करती है कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो कोई भी काम छोटा नहीं होता। युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत- मनीष का कहना है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना आदर्श मानते हैं। उनके अनुसार, मेहनत और ईमानदारी से किया गया कोई भी व्यवसाय सम्मानजनक है। आज मनीष उन हजारों युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं जो सरकारी या निजी क्षेत्र में नौकरी न मिलने पर हताश हो जाते हैं। मनीष ने सिद्ध कर दिया है कि आत्मनिर्भरता ही स्वावलंबन का असली मार्ग है।प्रधानमंत्री मोदी जी के संघर्षों ने मुझे सिखाया कि मेहनत की बदौलत अपनी पहचान खुद बनाई जा सकती है। आज अपनी चाय के जरिए लोगों को ताजगी देकर मुझे गर्व महसूस होता है।

# किसानों का बकाया पैसा दिलाने सड़क पर उतरे पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री भगवत शरण शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं और किसानों के साथ सड़क पर उतर आए। चौकी चौराहे पर धरना-प्रदर्शन के बाद उन्होंने मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर बकाया भुगतान और अन्य मांगों का जल्द निस्तारण कराने की मांग की। भगवत शरण ने ज्ञापन में नवाबगंज और बहेड़ी क्षेत्र के किसानों का कई सालों से रुका हुआ भुगतान दिलाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि ओसवाल ओवरसीज लिमिटेड नवाबगंज चीनी मिल पर किसानों का करीब 72 करोड़ रुपये बकाया है। वहीं बहेड़ी चीनी मिल पर लगभग 138 करोड़ रुपये किसानों का बकाया है। भगवत शरण ने कहा कि भुगतान न होने से किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। खेती, बच्चों की पढ़ाई और घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। किसानों ने बंद पड़ी नवाबगंज चीनी मिल को दोबारा शुरू कराने की भी मांग की। आवारा पशु, राशन भ्रष्टाचार और गैस आपूर्ति पर भी उठाए सवाल प्रदर्शन के दौरान किसानों ने आवारा पशुओं से फसल को हो रहे नुकसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि किसान रात-दिन खेतों की रखवाली कर रहे हैं। ज्ञापन में रसोई गैस की अनियमित आपूर्ति, राशन वितरण में भ्रष्टाचार, गरीबों से अवैध वसूली, पेयजल योजना के तहत खोदी गई सड़कों की मरम्मत और सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज की मांग भी शामिल रही। गांवों में मृतक खातेदारों की विरासत दर्ज कराने के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग भी उठाई गई। स धरना-प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम सुल्तानी, डॉ अनीस बेग , प्रदीप, संजीव यादव, योगेश यादव समेत पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।

# अब 1.90 लाख उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर होंगे पोस्टपेड



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के बाद आखिरकार उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने आरडीएसएस योजना के तहत लगे सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड मोड में बदलने का आदेश जारी कर दिया है। इससे बरेली के करीब 1.90 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। अब उपभोक्ताओं की बिजली बैलेंस खत्म होते ही नहीं कटेगी, बल्कि उन्हें सामान्य उपभोक्ताओं की तरह महीने का बिल जारी होगा। जिले में करीब साढ़े आठ लाख बिजली उपभोक्ताओं में से लगभग 1.70 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। प्रीपेड व्यवस्था लागू होने के बाद लगातार शिकायतें आ रही थीं। उपभोक्ताओं का आरोप था कि स्मार्ट मीटर तेजी से रीडिंग ले रहे हैं, जिससे बिल अधिक आ रहा है। बैलेंस खत्म होते ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाती थी और कई बार सप्लाई बहाल होने में घंटों लग जाते थे। बिजली विभाग के हेल्पडेस्क पर सबसे ज्यादा शिकायतें स्मार्ट मीटर से जुड़ी पहुंच रही थीं। लगातार बढ़ते विरोध और जनप्रतिनिधियों के दबाव के बाद ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर यह फैसला लिया गया। यूपीपीसीएल के निर्देश के अनुसार मई की बिजली खपत का बिल जून में पोस्टपेड तरीके से जारी किया जाएगा। उपभोक्ताओं को बिल एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जाएंगे। बिल जमा करने के लिए 15 दिन का समय मिलेगा, जबकि घरेलू उपभोक्ताओं को पुराने बकाये को 10 किस्तों में जमा करने की सुविधा भी दी गई है। स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए 15 मई से 30 जून तक विशेष कैंप लगाए जाएंगे। बिजली विभाग का कहना है कि नई व्यवस्था से उपभोक्ताओं की परेशानियां कम होंगी और विवाद भी घटेंगे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### उल्कारी ढाकिया-बहारुआ मार्ग का विधायक ने किया शिलान्यास



क्यूँ न लिखूँ सच / मझोला/पीलीभीत। बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से खराब पड़े उल्कारी ढाकिया-बहारुआ संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने शिलान्यास किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। विधायक ने बताया कि मझोला धनकुना मार्ग से उल्कारी ढाकिया होते हुए बहारुआ रानी कॉलोनी तक सड़क निर्माण पर लगभग 76 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं चहलोरा से हसननगर (भक्तनियां) तक 1.4 किलोमीटर सड़क निर्माण पर करीब 84 लाख रुपये की लागत आएगी। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के समय कीचड़ व जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी के जेई ओमपाल, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

### IGRS निस्तारण में बरेली परिक्षेत्र बना प्रदेश में एक बार फिर से नंबर-1



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / अप्रैल 2026 की रैंकिंग में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर ने संयुक्त रूप से हासिल किया प्रथम स्थान बरेली। पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी के निर्देशन में शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में बरेली परिक्षेत्र ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शासन द्वारा जारी माह अप्रैल-2026 की रैंकिंग में बरेली परिक्षेत्र को पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि में बरेली परिक्षेत्र के चारों जनपद - बरेली बदायूं, पीलीभीत ,शाहजहांपुर - ने संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही परिक्षेत्र के कुल 89 थानों ने भी प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर पुलिस विभाग की कार्यशैली को नई पहचान दी है। जनपद बरेली के 28 थानों, बदायूं के 21 थानों, पीलीभीत के सभी 17 थानों तथा शाहजहांपुर के 23 थानों ने शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में बेहतर कार्य करते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि जन शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए परिक्षेत्र कार्यालय में कार्यरत आईजीआरएस कर्मी उपनिरीक्षक शालू, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार एवं आरक्षी सलिल सक्सेना को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं जिन जनपदों एवं थानों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है, उनके कार्यों की समीक्षा कर सुधारात्मक दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### पुल निर्माण के दौरान हाइड्रा का पट्टा टूटने से हेल्पर की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। कैंट थाना क्षेत्र में बाईपास पर पुल निर्माण कार्य के दौरान हुए हादसे में हाइड्रा के हेल्पर की मौत हो गई। लोहे का भारी जाल उतारते समय हाइड्रा का पट्टा टूट गया, जिससे जाल नीचे गिर पड़ा और उसकी चपेट में आकर हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक थाना कैंट क्षेत्र के ग्राम चौबारी के पास गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे कन्नौजिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा पुल निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान हाइड्रा से पुल का लोहे का जाल उतारते समय उसका पट्टा अचानक टूट गया और लोहे का जाल नीचे गिर पड़ा। जिसकी चपेट में आकर हाइड्रा का हेल्पर 50 वर्षीय भगवानदास पुत्र बालकराम निवासी ग्राम दियोरिया अब्दुल्लागंज थाना मीरगंज गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद साथी कर्मचारी उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने भगवानदास को मृत घोषित कर दिया। भगवानदास को अस्पताल पहुंचाने वाला ड्राइवर उसका शव अस्पताल में छोड़कर अपने साथी को बुलाने चला गया। शव के पास किसी के मौजूद न होने पर डॉक्टर ने कार में लावारिस शव की सूचना 112 नंबर पर दी। इसी बीच कैंट पुलिस मौके पर पहुंची तो स्थिति स्पष्ट हो गई। कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली की लाइफलाइन कालिंदी एक्सप्रेस पर बवाल! फर्रुखाबाद व्यापार मंडल ने पीएम और रेल मंत्री को भेजा ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच /श्याम जी कश्यप /फर्रूखाबाद, फर्रुखाबाद= कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन को लेकर फर्रुखाबाद में व्यापारियों का विरोध तेज होता नजर आ रहा है। नगर उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) ने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर कालिंदी एक्सप्रेस को पूर्व की तरह फर्रुखाबाद जंक्शन से पुरानी दिल्ली तक संचालित किए जाने की मांग उठाई है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि कालिंदी एक्सप्रेस पिछले करीब 40 वर्षों से फर्रुखाबाद और दिल्ली के बीच लोगों की प्रमुख ट्रेन रही है। पहले यह ट्रेन कानपुर सेंट्रल तक चलती थी, लेकिन बाद में इसे भिवानी तक बढ़ाया गया। अब रेलवे द्वारा इसे शिकोहाबाद-इटावा होकर कानपुर तक चलाने की चर्चा से फर्रुखाबाद के व्यापारियों और यात्रियों में नाराजगी है। व्यापार मंडल का कहना है कि फर्रुखाबाद से दिल्ली के लिए यह एकमात्र सीधी ट्रेन है, जिससे रोजाना हजारों व्यापारी, छात्र और आम यात्री सफर करते हैं। यदि ट्रेन का संचालन बदला गया तो जिले के व्यापार पर भी असर पड़ेगा और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में कहा गया है कि फर्रुखाबाद से दिल्ली के बीच एक नई सुपरफास्ट ट्रेन चलाई जाए और जब तक रेलवे लाइन का कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक कालिंदी एक्सप्रेस को भिवानी से फर्रुखाबाद जंक्शन तक पूर्व की तरह संचालित रखा जाए। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द फैसला नहीं लिया गया तो संगठन जन आंदोलन करने को मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी।





# विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रेड क्रॉस सोसाइटी के रक्तदान शिविर का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

क्यूँ न लिखूँ सच / जिलाधिकारी ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पैरामेडिकल की छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मेडल पहनाकर किया सम्मानित जिलाधिकारी ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती मरीज श्यामसुंदर के स्वास्थ्य का हाल जाना पीलीभीत सूचना विभाग 08 मई 2026/विश्व थैलेसीमिया दिवस एवं रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में आज स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के ब्लड सेंटर में एक विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना रहा। जिलाधिकारी ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के हर्षल सिंह और सौरभ अग्रवाल ने सर्वप्रथम रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। शिविर में कुल 11 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया एवं प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। रक्तदान से बच सकता है थैलेसीमिया रोगियों का जीवन-जिलाधिकारी ने कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर वंशानुगत विकार है, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) में भर्ती मरीज श्यामसुंदर के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल में मरीज के परिवारजनों के वार्ता की। परिवारजनों द्वारा बताया गया कि पहले से उनके स्वास्थ्य में अब सुधार है। जिलाधिकारी ने डॉक्टरों को निर्देशित करते हुये कहा कि मरीज को और बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर करने की आवश्यकता हो तो अवगत कराया जाये। इस दौरान मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल व मीडिया प्रभारी डॉ. अरुण सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के राज्य प्रतिनिधि डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री, प्रभारी डॉ. परिक्षित सिंह, डॉ. प्रदीप शेखावत, डॉ. अमृता और तकनीशियन दिग्विजय, सुखवीर भदौरिया, सहित कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।



## तीन दिन से लटक रहे हाईटेंशन तार से साइकिल सवार की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच / जगत राम विश्वकर्मा / श्रावस्ती बिजली विभाग की घोर लापरवाही के चलते एक व्यक्ति की जान चली गई। गिलौला विद्युत उपकेंद्र से जुड़ी हाईटेंशन लाइन का तार आंधी-पानी में ढीला होकर तीन दिन से लालपुर चौराहा जाने वाले कच्चे रास्ते पर लटक रहा था। विभाग ने पेट्रोलिंग तक नहीं की और शिकायत के बावजूद तार दुरुस्त नहीं कराया। दोपहर अचानक इस लाइन में बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई। इसी दौरान साइकिल से लालपुर चौराहा जा रहे प्रहलादा गांव निवासी वंशराज हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए और झुलसकर मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि जर्जर लाइन के चलते लालपुर, लालपुर चौराहा व नट डेरा में आए दिन बिजली गुल रहना आम बात है। शिकायत के बाद भी कोई सुधार नहीं होता। तीन अप्रैल की सुबह आंधी-पानी के बीच प्रहलादा गांव के निकट खेत में लगा विद्युत पोल झुक गया था। इससे हाईटेंशन लाइन का तार इंसुलेटर से ढीला होकर जमीन से थोड़ा ऊपर रास्ते पर लटकने लगा। उसी समय से गांव की बिजली भी गुल थी। ग्रामीणों के अनुसार, शिकायत के बाद भी विभाग ने इसे ठीक नहीं किया। बिजली गुल रहने के कारण तीन दिन तक पैदल और साइकिल सवार लोग हाथ से तार को ऊपर कर नीचे से आते-जाते रहे। बिना सूचना अचानक आपूर्ति शुरू कर दी गई। वंशराज इससे अनजान थे। जैसे ही उनकी साइकिल तार के संपर्क में आई, वह करंट की चपेट में आकर झुलस गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। सोनवा थानाध्यक्ष विशुनदेव पांडेय ने बताया कि मृतक के पिता श्यामलाल ने तहरीर दी है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि तार जमीन को छू रहा होता तो अर्थ रिले से स्वत: फीडर ट्रिप हो जाता, लेकिन ढीला लटकने के कारण ऐसा नहीं हुआ।

# कानून व्यवस्था पर सख्त हुए फतेहगढ़ एसपी, क्राइम मीटिंग में लापरवाही पर लगाई क्लास

क्यूँ न लिखूँ सच /श्याम जी कश्यप /फारूखाबाद फतेहगढ़ पुलिस एक्शन मोड में पेंडिंग मामलों पर सख्त हुए एसपी, लापरवाही पर दी कड़ी चेतावनी! फतेहगढ़। कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ ने पुलिस लाइन सभागार में बड़ी क्राइम मीटिंग आयोजित की। बैठक में जिले के सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और विवेचक मौजूद रहे। मीटिंग के दौरान एसपी ने एक-एक लंबित विवेचना और अहकामात की समीक्षा की। उन्होंने सभी विवेचकों से मामलों की वर्तमान स्थिति जानी और साफ निर्देश दिए कि हर केस का निस्तारण गुण-दोष और पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर जल्द किया जाए। अपराध और लापरवाही पर जीरो टॉलरेंस- एसपी ने साफ कहा कि जनता को समय पर न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। लंबित मामलों में अनावश्यक देरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपराध नियंत्रण, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, महिला सुरक्षा, वांछित अभियुक्तों पर कार्रवाई और थानों की कार्यप्रणाली को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। फतेहगढ़ पुलिस अब हर मोर्चे पर सख्त नजर आ रही है और अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसने की तैयारी में है।





# बुलेट से पटाखे छोड़ना पड़ा भारी: फर्रुखाबाद में 3 बाइक सीज, 48 हजार का जुर्माना, 3 महीने के लिए DL सस्पेंड!

क्यूँ न लिखूँ सच /श्याम जी कश्यप /फारूखाबाद - जिलाधिकारी महोदया डा0 अंकुर लाठर जी के निर्देशानुसार एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार के द्वारा नगर में मोडिफाइड साइलेन्सर एवं प्रेशर हार्न/हूटर के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत 03 बुलेट मोटर साइकिलों को मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग करते हुये पाये जाने पर थाना कादरीगेट में सीज किया गया तथा इन वाहनों पर रू0 48 हजार का जुर्माना लगाया गया। मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग करते हुये पाये जाने पर सम्बन्धित व्यक्ति तीन माह की अवधि के लिये ड्राइविंग लाइसेन्स धारण करने के लिये निरहित हो जायेगा। जिन वाहनों में मोडिफाइड साइलेन्सर/ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले उपकरण लगे पाये जाते हैं तथा जिनका चालान किया गया है, उनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण-पत्र की निलम्बन की कार्यवाही की जा रही है। परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के द्वारा मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न अथवा हूटर लगाने वाले डीलर, मोटर गैराज/वर्कशाप पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं तथा दिनांक 07.05.2026 से 13.05.2026 तक टारगेट ओरिएन्टेड विशेष अभियान चलाकर प्रेशर हार्न अथवा हूटर हटवाते हुये वाहनों को जब्त किया जायेगा, जो मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग कर रहे हैं। मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग कर रहे वाहनों के सम्बन्ध में परिवहन विभाग के हेल्पलाइन नम्बर ( 1800 1800 151 एवं 149 ) पर भी शिकायत की जा सकती है तथा प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लिया जायेगा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के निर्देशानुसार आज दिनांक 08-05-2026 को एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव के द्वारा एआरटीओ कार्यालय फर्रूखाबाद में वाहन डीलर्स, मोटर गैराज एवं वर्कशाप संचालकों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित समस्त वाहन डीलर्स, मोटर गैराज एवं वर्कशाप संचालकों को निर्देशित किया गया कि वाहनों में मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न अथवा हूटर की स्थापना करने वाले डीलर, मोटर गैराज/वर्कशाप के संचालक के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत रू0 एक लाख प्रति संघटक जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता है।



# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा में रक्तदान शिविर आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती विश्व थैलेसीमिया दिवस एवं विश्व रेड क्रॉस सोसाइटी दिवस के उपलक्ष्य में अमरेंद्र कुमार वरुण, कमांडेंट 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के नेतृत्व में वाहिनी मुख्यालय स्थित चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ललेंद्र रत्नाकर, द्वितीय कमान अधिकारी तथा पीयूष सिन्हा, उप कमांडेंट, गोवर्धन पुजारी, उप कमांडेंट और डॉ कल्पना महादेव पाटील, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) की गरिमामयी उपस्थिति रही। रक्तदान शिविर का आयोजन संयुक्त चिकित्सालय भिनगा के डॉ. बी. एन. बर्मा एवं उनकी टीम के सहयोग से सम्पन्न हुआ। शिविर में वाहिनी के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा एवं सामाजिक दायित्व का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान कुल 14 जवानों द्वारा स्वेच्छा से 14 यूनिट रक्तदान किया गया। कमांडेंट अमरेंद्र कुमार वरुण ने रक्तदान करने वाले जवानों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सेवा कार्य है, जिससे अनेक जरूरतमंद लोगों को जीवनदान मिलता है। उन्होंने सभी कार्मिकों को समाजहित के ऐसे कार्यों में निरंतर सहभागिता करने हेतु प्रेरित किया। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में संयुक्त चिकित्सालय भिनगा की चिकित्सकीय टीम एवं वाहिनी चिकित्सालय के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।।




## संक्षिप्त समाचार

# IRCTC का 7 ज्योतिर्लिंग और दक्षिण भारत दर्शन पैकेज लॉन्च

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी IRCTC ने श्रद्धालुओं के लिए 7 ज्योतिर्लिंग और दक्षिण भारत तीर्थ यात्रा का विशेष पैकेज शुरू किया है। भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के जरिए यह यात्रा योग नगरी ऋषिकेश से संचालित होगी और 12 दिन में कई प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को कवर करेगी। 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा= महाकालेश्वर से घृष्णेश्वर तक 12 दिन का सफर पहला पैकेज 12 जून 2026 से 23 जून 2026 तक 11 रात और 12 दिन का होगा। यात्रा में उज्जैन का महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात का द्वारकाधीश, भेट द्वारिका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नासिक का त्रियंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी, कालाराम मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग और संभाजी नगर का घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग शामिल हैं। यात्रियों के लिए योग नगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, कानपुर, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई और ललितपुर जंक्शन से ट्रेन में चढ़ने-उतरने की सुविधा रहेगी। पैकेज की दर इकोनॉमी स्लीपर क्लास में 24,100 रुपये प्रति व्यक्ति, स्टैंडर्ड 3ष्ट में 40,890 रुपये और कम्फर्ट 2ष्ट में 54,390 रुपये तय की गई है। दूसरा पैकेज 29 जून 2026 से 10 जुलाई 2026 तक 11 रात और 12 दिन का होगा। इसमें तिरुपति बालाजी मंदिर, रामेश्वरम का रामनाथ स्वामी मंदिर, मदुरै का मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी दर्शन और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे। यह ट्रेन भी योग नगरी ऋषिकेश से रवाना होगी। हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज और मानिकपुर से यात्री यात्रा में शामिल हो सकेंगे। इस पैकेज में स्लीपर क्लास 24,350 रुपये, 3ष्ट 41,800 रुपये और 2ष्ट 55,750 रुपये प्रति व्यक्ति है। पैकेज में शाकाहारी भोजन,ष्ट और नॉन,ष्ट बसों से स्थानीय भ्रमण शामिल है। IRCTC भूटान, सिंगापुर-मलेशिया, नेपाल, बाली, वियतनाम, श्रीलंका जैसे विदेशी टूर के साथ अरुणाचल प्रदेश, कश्मीर, लद्दाख, केरल, अंडमान, मैसूर, ऊटी और गुजरात-राजस्थान जैसे घरेलू पैकेज भी संचालित कर रहा है। रेल टूर पैकेज में माता वैष्णो देवी, शिरडी, नैनीताल, रामेश्वरम-मदुरै, शिमला-कुफरी शामिल हैं। बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी। पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित IRCTC कार्यालय या वेबसाइट http://www.irctourism.com से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।




## राप्ती नदी में नहाने गए 5 किशोर, दो नदी में लापता 3 का चल रहा इलाज

क्यूँ न लिखूँ सच / जगत राम विश्वकर्मा / श्रावस्ती राप्ती नदी में नहाते समय पांच किशोर डूबने लगे। एक किशोर ने किसी तरह बाहर निकल कर डूब रहे दो साथियों को बाहर निकाला। गहरे पानी में चले जाने से दो किशोर लापता हो गए हैं। पुलिस टीम स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता किशोरों की तलाश कर रही है। गिलौला क्षेत्र के परसिया निवासी लक्ष्मी नारायण उर्फ पप्पू जायसवाल की बेटी खुशी का गुरुवार को विवाह था। इसमें शामिल होने के लिए रिश्तेदार भी घर पर एकत्र थे। दोपहर में गांव के अभी, अभिषेक के साथ गोंडा के विनय कुमार, बहराइच के प्रेम प्रकाश व राहुल दो बाइक से घर से निकले। सभी भखला पुल के पास पहुंचे। ये सभी नदी में नहाने लगे और गहरे पानी में जाने से डूबने लगे। अभिषेक व विनय नदी में पड़े बांस के ढांचे में फंस कर रुक गए। राहुल करीब 100 मीटर दूर बहते हुए नदी के किनारे पहुंच गया। वह किसी प्रकार पानी से बाहर निकला और बांस के ढांचे में फंसे अभिषेक व विनय को भी बाहर निकाल लिया, लेकिन अभी व प्रेम प्रकाश गहरे पानी में लापता हो गए। राहुल, अभिषेक व विनय का इलाज चल रहा है।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# फर्रुखाबाद में हूटर और मॉडिफाइड साइलेंसर वालों की अब खैर नहीं, डीएम के निर्देश पर बड़ा एक्शन!

क्यूँ न लिखूँ सच /श्याम जी कश्यप /जनपद फरूखाबाद उत्तर प्रदेश-







जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और सड़कों पर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों की अब खैर नहीं है। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के सख्त निर्देशों के बाद, फर्रुखाबाद एआरटीओ (प्रवर्तन) सुभाष राजपूत और यातायात प्रभारी सतेंद्र कुमार की टीम ने जिले में एक सघन चेकिंग अभियान चलाया है। इस विशेष अभियान का मुख्य लक्ष्य वाहनों में अवैध रूप से लगाए गए मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर के इस्तेमाल पर पूरी तरह से लगाम लगाना है। कार्रवाई की मुख्य बातें= वाहन सीज और जुर्माना= चेकिंग के दौरान टीम ने 8 ऐसे ट्रकों को रंगे हाथों पकड़ा जिनमें अवैध प्रेशर हॉर्न लगे थे। इन सभी ट्रकों को तुरंत सीज कर दिया गया है। इसके अलावा, चेकिंग में 4 ट्रक ओवरलोड भी पाए गए। परिवहन विभाग ने इन सभी नियम तोड़ने वाले वाहनों पर कुल मिलाकर 2.01 लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया है। कब तक चलेगा अभियान? एआरटीओ का यह सघन चेकिंग अभियान 13 मई तक लगातार जारी रहेगा। इस दौरान जो भी वाहन प्रेशर हॉर्न, हूटर या मॉडिफाइड साइलेंसर के साथ मिलेगा, उसे सीधा जब्त किया जाएगा। दुकानदारों और गैराज संचालकों को सख्त चेतावनी प्रशासन ने सिर्फ वाहन चालकों ही नहीं, बल्कि ऐसे उपकरण बेचने और लगाने वालों पर भी सख्ती दिखाई है। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि कोई भी वाहन डीलर, मोटर गैराज या वर्कशॉप संचालक किसी भी वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न या हूटर की फिटिंग नहीं करेगा। यदि कोई दुकानदार या मैकेनिक ऐसा करते पाया जाता है, तो मोटरयान अधिनियम के तहत उस पर प्रति मामले 1 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। वाहन मालिकों के लिए सजा का प्रावधान= * अपने वाहन में अवैध रूप से पुर्जों की फिटिंग या बदलाव कराने वाले मालिक को मोटरयान अधिनियम के तहत 6 महीने तक की जेल या 5,000 रुपये तक का जुर्माना (या दोनों) हो सकता है। ध्वनि और वायु प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने पर पहली बार में ही *3 महीने की जेल या 10,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। साथ ही, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस भी 3 महीने के लिए रद्द किया जा सकता है। आप भी कर सकते हैं शिकायत= परिवहन विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि अगर उन्हें कोई वाहन मॉडिफाइड साइलेंसर या हूटर के साथ दिखता है, तो वे तुरंत टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-1800-151 या 149 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि प्राप्त शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी।

# फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल में हड़कंप: आयरन सुक्रोज चढ़ते ही 3 प्रसूताओं की बिगड़ी तबीयत, परिजनों में दहशत!

क्यूँ न लिखूँ सच /श्याम जी कश्यप /फर्रूखाबाद, फर्रुखाबाद=





स्थानीय लोहिया महिला अस्पताल में गुरुवार की शाम उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब खून की कमी दूर करने के लिए आयरन सुक्रोज चढ़ाए जाने के दौरान तीन प्रसूताओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई। मरीजों को घबराहट और तेज सर्दी लगने की शिकायत के बाद परिजनों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। क्या है पूरा मामला? परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रसूताओं को आयरन सुक्रोज की ड्रिप चढ़ाना शुरू किए जाने के लगभग 30 मिनट बाद ही उन्हें तेज सर्दी लगने लगी और घबराहट होने लगी। स्थिति बिगड़ती देख परिजनों ने तत्काल ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स और चिकित्सकों को इसकी सूचना दी। गौरतलब है कि इन सभी प्रसूताओं को प्रसव के दौरान और बाद में खून की भारी कमी के चलते आयरन सुक्रोज दिया जा रहा था। इन प्रसूताओं की बिगड़ी तबीयत= आफरीन (निवासी- गांव सोता बहादुरपुर)= इन्हें मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और बुधवार को इनका प्रसव हुआ। जांच के दौरान इनके शरीर में मात्र 7 ग्राम हीमोग्लोबिन पाया गया था। रागनी (निवासी- गांव रायपुर, तहसील कायमगंज)= रागनी को बुधवार को भर्ती कराया गया था और उसी रात उन्होंने बच्चे को जन्म दिया। इनमें खून की मात्रा 8 ग्राम थी। स्वाति (निवासी- गांव सायपुर नगरिया, जनपद कासगंज)= बुधवार को भर्ती हुईं स्वाति के शरीर में महज 4.9 ग्राम खून था, जिसके कारण उन्हें यह उपचार दिया जा रहा था। सीएमएस ने परिजनों को दिया आश्वासन- घटना की सूचना पाकर महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. धीर सिंह तुरंत वार्ड में पहुंचे और मरीजों का स्वयं परीक्षण किया। उन्होंने चिंतित परिजनों को ढांढस बंधाते हुए स्पष्ट किया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और घबराने की कोई बात नहीं है। डॉ. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया, 卐आयरन सुक्रोज चढ़ाने के दौरान प्रसूताओं को हल्का रिएक्शन होने लगा था, जिसे देखते हुए ड्रिप को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया।卐 अस्पताल प्रशासन ने आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा है कि प्राथमिक उपचार के बाद अब सभी प्रसूताओं का स्वास्थ्य बिल्कुल सामान्य है।

# सिरौली वृद्धाश्रम पहुंचीं डीएम, सुविधाओं की परखी हकीकत, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच /श्याम जी कश्यप /फर्रूखाबाद, फर्रुखाबाद की जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर को समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित सिरौली, मोहम्मदाबाद स्थित वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम में रह रहे वृद्धजनों की सुविधाओं और वहां की प्रशासनिक व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। भोजन, साफ-सफाई और स्वास्थ्य सुविधाओं की हुई समीक्षा निरीक्षण के दौरान डीएम डॉ. लाठर ने वृद्धाश्रम की भोजन व्यवस्था, परिसर की साफ-सफाई और बुजुर्गों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने आश्रम की रसोई और कमरों का भी जायजा लिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बुजुर्गों को एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण मिल रहा है या नहीं। अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश- व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद जिलाधिकारी ने वहां मौजूद संबंधित अधिकारियों और आश्रम संचालकों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की समुचित देखभाल में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि= सभी बुजुर्गों को समय पर गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच हो और बीमार बुजुर्गों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए। * आश्रम परिसर में उच्च स्तर की साफ-सफाई बनाए रखी जाए। लाधिकारी का यह औचक निरीक्षण वृद्धजनों के प्रति जिला प्रशासन की संवेदनशीलता और उनकी भलाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह के निरीक्षण जारी रहेंगे।





# फर्जी निस्तारण अब नहीं चलेगा! फर्रुखाबाद डीएम की दो टूक- गुणवत्ताहीन काम पर होगी कठोर कार्रवाई।

क्यूँ न लिखूँ सच /श्याम जी कश्यप /फर्रूखाबाद, आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं = जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर जिलाधिकारी महोदया डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में आई0जी0आर0एस0 (ढ्ढत्रक्रस्) शिकायतों के निस्तारण एवं उनकी गुणवत्ता की समीक्षा हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।




बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, शिकायतकर्ताओं से संवाद, साक्ष्यों के अपलोड तथा फीडबैक की गुणवत्ता की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सक्षम अधिकारी स्वयं निस्तारण आख्या का परीक्षण कर उसे पोर्टल पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक निस्तारण पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक समाधान किया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक निस्तारण आख्या के साथ आवश्यक साक्ष्य अनिवार्य रूप से संलग्न किए जाएं, जिनमें शिकायतकर्ता से वार्ता, स्थलीय निरीक्षण की रिपोर्ट, तथा शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में दो पड़ोसियों के बयान सम्मिलित हों। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं से संपर्क न करने वाले अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित न करना गंभीर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर उसकी समस्या को समझते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उदाहरण स्वरूप विभिन्न अधिकारियों की जांच आख्या को पढ़कर उसकी गुणवत्ता की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि किसी अधिकारी द्वारा गुणवत्ताहीन अथवा तथ्यहीन निस्तारण किया जाता है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि सहित कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पिछले एक माह में प्राप्त असंतोषजनक फीडबैक वाले संदर्भों को चिन्हित करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों की पुनः जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों के पुनरीक्षण हेतु अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) तथा अन्य विभागीय शिकायतों हेतु मुख्य विकास अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाधिकारी महोदया ने यह भी निर्देश दिए कि सभी अधिकारी प्रतिदिन कार्यालय पहुंचने के उपरांत सर्वप्रथम ढ्ढत्रक्रस् पोर्टल का अवलोकन करें तथा लंबित शिकायतों की समीक्षा कर उनका निस्तारण स्वयं की निगरानी में सुनिश्चित करें। यदि कोई शिकायत संबंधित अधिकारी के कार्यक्षेत्र से संबद्ध नहीं है, तो उसे उसी दिन अथवा अधिकतम अगले दिन संबंधित विभाग को वापस किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी संदर्भ को डिफाल्टर श्रेणी में जाने से पूर्व कम से कम पांच दिन पहले गुणवत्तापूर्ण एवं स्पष्ट निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड कर दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों की लापरवाही से शिकायतकर्ताओं का फीडबैक खराब होगा एवं जनपद की रैंकिंग प्रभावित होगी, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। ढ्ढत्रक्रस् शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), उपजिलाधिकारी सदर सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। फारूखाबाद

# पुलिस विभाग में अहम तबादले, राजेपुर और शमशाबाद में नए थानाध्यक्ष नियुक्त

क्यूँ न लिखूँ सच /श्याम जी कश्यप /फर्रूखाबाद, फर्रुखाबाद= जनपद की कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने और प्रशासनिक कसावट के उद्देश्य से पुलिस विभाग में अहम फेरबदल किए गए हैं। ताज़ा आदेशों के अनुसार, जिले के कई उपनिरीक्षकों (स्ढ्ढ) और थाना प्रभारियों का तबादला किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से राजेपुर और शमशाबाद थाने शामिल हैं। इस फेरबदल के तहत एसओजी प्रभारी को थाने की कमान सौंपी गई है, वहीं कुछ थाना प्रभारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। तबादलों का विस्तृत विवरण- सुदेश कुमार अब तक राजेपुर थाने की कमान संभाल रहे थानाध्यक्ष सुदेश कुमार का तबादला कर दिया गया है। उन्हें अब मोहम्मदाबाद थाने भेजा गया है। नागेंद्र सिंह सराह (स्ढ्डह्लढ्ढ) चौकी इंचार्ज के पद पर तैनात उप निरीक्षक नागेंद्र सिंह को नई जिम्मेदारी देते हुए उन्हें राजेपुर का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रमेश सिंह= शमशाबाद के थानाध्यक्ष उप निरीक्षक रमेश सिंह का भी तबादला कर दिया गया है। उन्हें अब अमृतपुर थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक (स्स्ढ्ढ) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिन चौधरी= जिले में एसओजी (स्ह्रत्र) प्रभारी के रूप में कार्यरत उपनिरीक्षक सचिन चौधरी को शमशाबाद थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। जनपद स्तर पर हुए इस फेरबदल को पुलिस महकमे की एक अहम प्रशासनिक कार्रवाई माना जा रहा है। सभी नव-नियुक्त थाना प्रभारियों और उपनिरीक्षकों से अपेक्षा की गई है कि वे जल्द ही अपना नया कार्यभार ग्रहण कर क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।



# Don't eat these vegetables raw, or you could face serious problems.

If you don't want to fall ill, avoid eating certain vegetables raw. We'll explain them here. We often increase our vegetable intake to stay healthy, but did you know that eating some vegetables raw can have negative health effects? Raw vegetables are often rich in vitamins and minerals, but some contain chemicals or enzymes that can irritate the digestive system and cause stomach problems. This can be especially risky for children, the elderly, and those with digestive problems. In this article, we'll explain which vegetables should be avoided raw and how to eat them safely. With proper information and caution, you can maintain your health and avoid eating problems. Broccoli - Broccoli is rich in vitamins and minerals and is considered extremely beneficial for health. However, raw broccoli contains a substance called goitrogens, which can affect the thyroid gland. Therefore, people with thyroid problems should eat it lightly cooked or steamed. Cauliflower - Cauliflower can also cause digestive problems if eaten raw. It contains gas-producing substances, which can cause bloating and cramps. Boiling, roasting, or lightly steaming it is safer. Cabbage - Cabbage can also cause gas and heaviness in the stomach even when consumed raw. It is rich in fiber, but eating it raw increases pressure on the stomach. Eating it lightly or steamed is beneficial. Tomato - For some people, raw tomatoes can cause acidity and stomach pain. It is beneficial to consume it lightly cooked or in salads in limited quantities. Eggplant - Raw eggplant is mildly toxic. It contains a chemical called solanine, which can cause heartburn, gas, and indigestion. It should always be eaten cooked. Spinach and mustard greens - Raw spinach and mustard greens contain oxalates, which can be harmful to bones and kidneys. Consuming them raw reduces calcium absorption and may increase the risk of kidney stones. Lightly cooked or steamed vegetables make them safe to eat.




# What should you do if the police call you to the police station? Know your legal rights

It's common for some people to be summoned to the police station directly. In such situations, if you know your rights, you can deal with them without panicking. So, let's learn about these rights. People often feel fear and anxiety at the mere mention of the police. If a common person receives a call from a police station, they become even more nervous. If the police call you to the police station, instead of panicking, exercise restraint and politely ask the reason for the call. According to the legal provisions of the Indian Penal Code, the police cannot summon any citizen at will; they must follow a set and proper procedure for summoning anyone to the police station. The law clearly states that you cannot be forced to come to the police station without any solid basis or official written notice. Therefore, understand your rights, because only your awareness can protect you from any kind of mental pressure or harassment. In this article, let's understand what rights you have if the police call you. What should you do first? Ask the police officer over the phone whether you are being summoned as a witness or an accused. Under Section 160 of the CrPC, a written notice is required for summoning anyone; a phone call is not considered a legally binding order. If the police send a notice, ensure it includes the case number and the signature of the relevant officer. Your rights regarding going to the police station: If the police summon you through a notice, speak to your lawyer first. You have the right to go to the police station with your lawyer, especially if the case is serious. Women cannot be summoned to the police station before 6 a.m. and after 6 p.m. Keep these things in mind during interrogation: Under Article 20(3) of the Indian Constitution, you cannot be forced to testify against yourself. Don't sign any blank paper or written statement unless you fully understand it. Cooperate with the police but remain firm in your rights. If you encounter any misconduct, complain to higher authorities. How to obtain legal assistance? Before going to the police station, speak with a trusted lawyer to better understand your legal situation. If the police continue to pressure you without notice, you can file a written complaint with the relevant DCP or SP. If you don't have a lawyer, you can seek free legal assistance from the District Legal Services Authority.




# If your breakfast plate doesn't include these items, you're inviting illness!

If you want to make your breakfast healthy, be sure to include some nutritious elements in your breakfast plate. Breakfast is the most important meal of the day. A proper and nutritious breakfast not only energizes your body but also keeps your brain active. However, people often overlook essential nutrients in breakfast due to haste or prioritizing taste. Preparing a healthy breakfast doesn't just mean reducing calories; it also means including protein, fiber, vitamins, minerals, and good carbohydrates. Such a breakfast boosts the body's immunity, improves digestion, and maintains energy throughout the day. In this article, we'll explain which nutrients should be included in your breakfast plate and how you can make breakfast delicious and healthy. Protein - Including protein in breakfast is essential because it provides long-lasting energy and maintains muscle strength. Eggs, milk, yogurt, cheese, walnuts, and other nuts are excellent sources of protein. Including these items in your daily breakfast helps control hunger throughout the day and maintains a healthy metabolism. Fiber - Fiber is essential for digestion. It reduces problems like constipation, bloating, and gas. Oats, brown bread, fruits, and vegetables are good sources of fiber. A fiber-rich breakfast keeps the stomach full for longer and helps flush out toxins from the body. Vitamins and Minerals - Fresh fruits, green leafy vegetables, and seeds like flaxseed or sunflower seeds provide the body with essential vitamins and minerals. These not only boost immunity but are also beneficial for bone, skin, and eye health. Healthy Fats - Healthy fats like avocado, walnuts, almonds, or coconut provide the body with essential energy and omega-3 fatty acids. These are also beneficial for maintaining heart health and brain function. Hydration - Drinking green tea or lemon water with breakfast helps prevent dehydration and boosts metabolism. This helps maintain freshness and energy throughout the day.



